# बीपीएड-एमपीएड में दाखिला प्रवेश परीक्षा से होगा

## अंग्रेजी और हिन्दी भाषा के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग भाषा में मिलेगा पेपर

### सरकार ने वीएमओयू को दिया जिम्मा

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। प्रदेश के बीपीएड-एमपीएड पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा। इसको लेकर राज्य सरकार ने वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय को जिम्मेदारी दी है और इनमें एडमिकशन प्री.बी.पी.एड. एवं प्री. एम.पी.एड. से मिला है। आवेदन फॉर्म भरने की शुरुआत हो गई है तथा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त होगी।

### भाषा के आधार पर होगा पेपर

यह प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी। ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र की भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी दोनों में से किसी एक भाषा का चयन करना होगा। चयनित भाषा के आधार पर ही अभ्यर्थी को हिन्दी अथवा अंग्रेजी दोनों में से किसी एक भाषा में ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा। अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र दोनों भाषाओं में देय नहीं होगा। यह प्रवेश परीक्षा 90 मिनट होगी। गलत उत्तर के लिए कोई नम्बर नहीं काटा जाएगा।



### यह होंगे सवाल

परीक्षा में राजस्थान और भारत की खेल हस्तियां, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल शिक्षण योग्यता मानसिक क्षमता और तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान (भौगोलिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलू) इत्यादि से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाएंगे। इस परीक्षा में प्री. बी.पी.एड. और प्री. एम.पी.एड. से सम्बन्धित पाठ्यक्रम आदि की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### सभी सात संभागों को होगा आयोजन

"हमारा मुख्य लक्ष्य विद्यार्थी हित में सुविधा प्रदान करना है। इसी को अभिलक्ष्य कर विश्वविद्यालय ने यह निर्णय लिया है, कि प्रवेश परीक्षा किसी एक शहर में न करवा कर राजस्थान के सात सम्भागों (जयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर अजमेर एवं भरतपुर) में करवाई जाएगी।

प्रो. कैलाश सोडाणी, कुलपति, वीएमओयू"

### शारीरिक दक्षता दो शहरों में होगी

"छात्रों को सुविधा के लिए इसलिए इस बार हमने शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए भी राजस्थान दो शहरों (कोटा और उदयपुर) का विकल्प उपलब्ध करावाया जा रहा है।

-डॉ. कपिल गौतम, परीक्षा समन्वयक"

## आरपीएससी पद भर्ती समाचार

# एईएन के 1014 और सहा. सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर होगी भर्ती

**कासं/अजमेर।** राजस्थान लोकसेवा आयोग ने सोमवार को राजस्थान राज्य अभियांत्रिकी सेवाओं के तहत सहायक अभियंता के कुल 1014 पद तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। इन दोनों परीक्षाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि सहायक सांख्यिकी अधिकारी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त से 10 सितंबर की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। सहायक अभियंता के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 अगस्त से 12 सितंबर की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे।

# डिप्टी जेलर पदः आवेदन अंतिम तिथि आज

**कासं/अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित की जाने वाली डिप्टी जेलर ( कारागार विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2024 के लिए अभ्यर्थी 6 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह परीक्षा कुल 73 पदों के लिए आयोजित की जा रही है। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। परीक्षा वस्तुनिष्ठ रूप में ली जाएगी।

# तृतीय श्रेणी शिक्षकों की चार वर्ष से लम्बित पदोन्नति की होगी राह आसान

## राजस्थान सेवा नियम 1951 में संशोधन

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** राज्य सरकार तृतीय श्रेणी शिक्षकों की चार वर्ष से लम्बित पदोन्नति की राह आसान करने जा रही है। इसके लिए सरकार राजस्थान सेवा नियम 1951 में संशोधन करेगी, जिससे न्यायालयवाद के कारण लम्बित पदोन्नतियों का रास्ता खुल जाएगा और अस्थाई पदोन्नति में भी वेतमान सम्बंधी परिलाभ मिलेंगे। दरअसल, सरकार राजस्थान सेवा नियम 1951 का नियम -26, राजकीय सेवा में स्थाई नियुक्त उन कार्मिकों के वेतन निर्धारण के लिए दिशा निर्देश प्रदान करता है। नियम 26 केवल स्थाई नियुक्ति वाले कार्मिकों के लिए ही होने के कारण अस्थाई पदोन्नति पर वेतन निर्धारण नहीं किया जा सकता है। इसलिए पूर्व में कोर्ट का मामला होने पर सरकारे पातेय वेतन पदोन्नतियां करती थी क्योंकि आजकल लगभग सभी विभागों में कोर्ट के मामले बढ़ने के कारण पदोन्नतियां अटकी हुई है। नियम 26 में अस्थाई पदोन्नत कार्मिकों के लिए उपनियम सम्मिलित करने से सभी विभागों में पदोन्नतियां पूरी हो सकेगी तथा स्थाई कार्मिकों के समान पदोन्नत कार्मिकों को वेतन व भत्ते प्राप्त हो सकेंगे। अस्थाई पदोन्नत कार्मिक यदि अगले पद पर पदोन्नति की योग्यता रखता है तो अगले पद पर भी पदोन्नत हो सकता है। अस्थाई पदोन्नति में वही कार्मिक पदोन्नत होंगे, जो स्थाई पदोन्नति की योग्यता रखते हैं।



### अस्थाई वैकल्पिक पदोन्नति की जाए

प्रदेश अध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा ने कहा कि संगठन मांग करता है तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित अन्य कैडरों का भी न्यायालय वाद के कारण फैसला आने तक अस्थाई वैकल्पिक पदोन्नति की जाए। सरकार द्वारा अस्थाई पदोन्नति में सभी परिलाभ देने पर राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मुख्य महामंत्री महेंद्र पाण्डे ने बताया कि संगठन ने सरकार से मांग की थी न्यायालय वाद के कारण शिक्षा विभाग में चार वर्षों से विभिन्न कैडर की पदोन्नति अटकी हुई है।



## जब हो ऑनलाइन एग्जाम

# कैसे करें प्रिपरेशन ?

आज नहीं तो कल सभी तरह की परीक्षाएं ऑनलाइन और डिजिटल मोड से ही होनी हैं, इसलिए जितना जल्दी हो परीक्षार्थियों को खुद को डिजिटल मोड की परीक्षाओं के अनुकूल ढाल लेना चाहिए। इस लेख में हम यह बताएंगे कि जैसे ऑफलाइन एग्जाम के पहले बड़ी सजगता से तैयारी करनी होती है, उसी तरह से डिजिटल मोड में एग्जाम देते समय भी कुछ खास सतर्कताएं बरतनी होती हैं यानी जब ऑनलाइन एग्जाम हों तो अपनी प्रिपरेशन कैसे करें ?



जब ऑनलाइन एग्जाम की तैयारी कर रहे हों तो एक प्रोडक्टिव रिविजन और एग्जाम इनवार्यनमेंट तैयार करें ताकि अच्छे से प्रिपरेशन हो सके। चूंकि एग्जाम आपको देना है और हो सकता है आपके घरवालों को ऑनलाइन एग्जाम जैसी चीज का कोई अनुभव न हो, इसलिए परिवारजनों को भी अपनी इस परीक्षा के तौर-तरीकों और संवेदनशीलता को बताएं। जब ऑनलाइन एग्जाम देना हो तब ऑनलाइन मौक पेपर का ही अभ्यास करें। भले इसके लिए आपको किसी वेबसाइट को थोड़े ज्यादा पैसे चुकाने पड़ें, क्योंकि जब ऑनलाइन मौक टेस्ट देंगे तो ऑनलाइन एग्जाम का अच्छे से अभ्यास हो जायेगा। यदि आपको मल्टीपल एग्जाम देने हों तो बीच में ब्रेक लें और ऑनलाइन एग्जाम देने के लिए बैठने से पहले यह तय कर लें कि आप की ड्रेस कंफर्टेबल है। ऑनलाइन एग्जाम के लिए पहले से प्रिपरेशन करना इसलिए भी ज्यादा जरूरी है, क्योंकि कई सालों से पढ़ाई के काफी हद तक डिजिटल हो जाने के बाद भी अभी भी बड़ी तादाद में ऐसे छात्र मौजूद हैं, जिनके लिए ऑनलाइन एग्जाम देना एक नया और कईयों के लिए तो हैरान कर देने वाला एक्सपीरियंस होता है। ऑनलाइन एग्जाम के बारे में अभी भी छात्रों को उतना ज्यादा पता नहीं है, जितना ऑफलाइन के बारे में पता होता है। साथ ही छात्रों के मां-बाप या घरवालों को भी ऑनलाइन एग्जाम के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती। इसलिए ऑनलाइन एग्जाम देने के पहले इसकी अच्छी तैयारी बहुत जरूरी है। इंटरनेट में सैकड़ों ऐसी वेबसाइटें हैं, जो ऑनलाइन एग्जाम प्रिपरेशन कराती हैं। इसलिए अपनी जरूरत को समझकर और घर परिवार या दोस्तों से सलाह लेकर अपने अनुकूल किसी वेबसाइट से कुछ दिन के लिए यह सर्विस हासिल कर लें और जब लगे कि आप ऑनलाइन एग्जाम के मामले में काफी दक्ष हो गए हैं, तो फिर फ्री एक्सरसाइज कराने वाली वेबसाइटों के जरिये अपनी प्रिपरेशन करें।

## ऑनलाइन परीक्षा होती क्या है ?

यह दरअसल वर्चुअल एग्जाम होता है, जो कि कंप्यूटर डेस्कटॉप या फिर लैपटॉप पर दिया जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी रिमोट लोकेशन से ऑनलाइन एग्जाम में शामिल हो सकता है। ऑनलाइन एग्जाम में काफी सुरक्षित और प्रोटेक्टिंग सॉफ्टवेयर की सहायता ली जाती है। कई ऑनलाइन परीक्षाओं में ह्यूमन असिस्टेंस यानी मानवीय मदद भी मौजूद रहती है। मगर ऑनलाइन एग्जाम में यूजर को सभी सवालों के जवाब सिस्टम जनरेटेड सॉफ्टवेयर में ही देने होते हैं। जैसे ही टेस्ट विंडो क्लोज हो जाती है, उसके साथ ही एग्जाम खत्म हो जाता है। जब ऑनलाइन एग्जाम की तैयारी करें, तो सुनिश्चित करें कि आपके घर में इसके लिए अनुकूल वातावरण हो। इसके लिए जरूरी है कि आपके पास अपना एक कमरा हो या घर का कोई ऐसा कोना, जहां आपको कोई डिस्टर्ब न करें, वहीं बैठकर इसकी तैयारी करें। इस प्रिपरेशन के लिए एक टेबल या डेस्क की भी जरूरत होगी। अगर आपको किसी के साथ यह टेबल शेयर करनी हो तो आपके पास हेड फोन होने चाहिए ताकि आसपास के शोर से डिस्टर्ब न हों।

## घरवाले डिस्टर्ब न करें

अगर घर में लाइट बार बार जाती है, तो इनवर्टर की व्यवस्था करें। अगर किसी भी कीमत पर यह संभव न हो तो कम से कम बैकिंग सिस्टम की व्यवस्था तो जरूर रखें और अगर एग्जाम लैपटॉप में देना हो तो तय करें कि उसका बैटरी बैकप कम से कम डेढ़, दो घंटे का हो। जिस भी सॉफ्टवेयर में वास्तविक एग्जाम देना हो, कोशिश करें कि उसी सॉफ्टवेयर में मौक टेस्ट का अभ्यास भी हो। अगर घर में वाईफाई नहीं है तो कम से कम इतना डाटा हर समय अपने पास सुरक्षित रखें कि कम से कम दो परीक्षाएं आसानी दी जा सकें।

# रसायनज्ञ के एक पद के लिए 1180 आवेदन, परीक्षा देने पहुंचे 120

## पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, शोध अधिकारी व रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा-2024 संपन्न



**कासं/अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, शोध अधिकारी व रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत सोमवार को रसायनज्ञ के 1 पद के लिए परीक्षा का आयोजन सोमवार प्रातः 10 से 12.30 बजे तक 5 केंद्रों पर किया गया। कुल पंजीकृत 1180 अभ्यर्थियों में से 120 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, जबकि 1060 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। उपस्थिति 10.17 प्रतिशत रही। इसके साथ ही पिछले शनिवार से जारी यह परीक्षा सम्पन्न हो गई।

- शनिवार को सुबह 10 से 12.30 बजे तक पहली पारी में पुरालेखपाल के 3 पदों के लिए कुल पंजीकृत 1706 अभ्यर्थियों में से मात्र 191 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे और 1515 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पारी में उपस्थिति 11.20 प्रतिशत रही। सहायक पुरालेखपाल के 2 पदों के लिए दोपहर 3 से 5.30 बजे तक दूसरी पारी में कुल पंजीकृत 1784 अभ्यर्थियों में इनमें से मात्र 153 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे और 1631 अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में 8.58 प्रतिशत रही।

- रविवार को शोध अध्येता के 1 पद के लिए प्रातः 10 से 12.30 बजे की पारी में कुल पंजीकृत 944 अभ्यर्थियों में से 78 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 866 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। पहली पारी में उपस्थिति 8.26 प्रतिशत रही। शोध अधिकारी के 1 पद के लिए दोपहर 3 से 5.30 बजे तक दूसरी पारी में कुल पंजीकृत 1427 अभ्यर्थियों में से महज 85 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 1342 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। दूसरी पारी में उपस्थिति 5.96 प्रतिशत रही।

# आरपीएससी परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- एसओजी अजमेर यूनिट ने जयपुर से दबोचा
- वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 का है मामला

कासं/अजमेर।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) राजस्थान जयपुर की अजमेर यूनिट ने वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। उससे एसओजी की टीम गहनता से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

एसओजी के अजमेर यूनिट के एडिशनल एसपी मुकेश कुमार सोनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मोखातरा, थाना रानीवाड़ा जिला जालौर निवासी रमेश कुमार राणा (37) पुत्र धूखाराम है। जिसके खिलाफ प्रकरण संख्या 22/2023 धारा 420, 467, 468, 471 व 120बी आईपीसी एवं 3, 6, 10, राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्यु) 2022 व 43, 66, 66(डी) सूचना प्रौद्योगिक (संसोधन) अधिनियम 2008 के तहत दर्ज हुआ था। प्रकरण का अनुसंधान करते हुए आरोपित रमेश कुमार राणा से वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में गड़बड़ी करने के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई। प्रवेश पत्र में आरोपित रमेश कुमार राणा द्वारा कांट-छांट (एडिटिंग) की गई थी। जिससे उसने उक्त परीक्षा के सामान्य ज्ञान व हिन्दी की परीक्षा के लिए स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में सुरेश कुमार गोदारा एवं दिनेश कुमार को बैठा दिया था। गड़बड़ी सामने आने के बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी। एसओजी के एडिशनल एसपी सोनी ने बताया कि मामले में एटीएस एवं एसओजी राजस्थान, जयपुर के एडीजी के निर्देश पर एसओजी डीआईजी के सुपरविजन में प्रकरण का अनुसंधान किया जा रहा है।

# आयोग का दावा–नियम एवं शर्तों के अनुसार ही जारी किया परिणाम

## पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा 2019

कासं/अजमेर।

राजस्थान लोक सेवा आयोग आयोग ने दावा किया है कि पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा 2019 का परिणाम भर्ती विज्ञापन में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के अनुसार ही जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि किसी भी भर्ती का विज्ञापन जारी करने के समय विद्यमान नियमानुसार ही भर्ती की जाती है। विज्ञापन जारी होने के बाद होने वाला नियम संशोधन पूर्व की भर्तियों पर लागू नहीं किया जा सकता है। आयोग सचिव के अनुसार उक्त भर्ती के विज्ञापन में उल्लेखित नोट-2 के अनुसार नियमानुसार मुख्य चयन सूची में अति पिछड़ा वर्ग के 20 पद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 21 पद इन श्रेणियों के अभ्यर्थियों के नियमानुसार न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं आने के कारण सामान्य प्रक्रिया से भरे गए हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के 39 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 63 पदों को इन वर्गों के न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त अभ्यर्थियों के न होने के कारण रिक्त रखा गया है। उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित अंतरिम आदेशों की पालना में 21 पद रिक्त रखे गए हैं एवं 349 अभ्यर्थियों का परिणाम सील्ड कवर में रखा गया है। मुख्य सूची में चयनित 777 अभ्यर्थियों का चयन सुप्रीम कोर्ट में लंबित एसएलपी एवं उच्च न्यायालय जयपुर व जोधपुर में लंबित विभिन्न याचिकाओं के अध्यधीन रखा गया है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने उक्त भर्ती के संबंध में दिनांक 31 मई को परिणाम जारी करने एवं चयनित अभ्यर्थियों के हक में कोई भी अधिकार माननीय उच्चतम न्यायालय के अंतिम निर्णय होने तक उत्पन्न नहीं होने का आदेश दिया है।

आयोग सचिव के अनुसार किसी भर्ती वर्ष में सीधी भर्ती के लिए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के पात्र एवं उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर आरक्षित शेष पदों को सामान्य प्रक्रिया से नहीं भरे जाने एवं शेष रहे रिक्त पदों को आगामी तीन भर्ती वर्षों तक अग्रणीत किए जाने के संबंध में राज्य सरकार ने 28 जुलाई 2023 को अधिसूचना जारी की। किंतु पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती-2019 का विज्ञापन इस अधिसूचना के पूर्व जारी होने के कारण यह अधिसूचना जारी किए गए परिणाम पर लागू नहीं होती है।

### आयोग ने 3 अगस्त को जारी किया था परिणाम

आरपीएससी ने 3 अगस्त को पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती 2019 का परिणाम जारी किया है। इसमें 777 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया। इस भर्ती का विज्ञापन 22 अक्टूबर 2019 को कुल 900 पदों के लिए जारी किया गया था। इन पदों के लिए संवीक्षा परीक्षा का आयोजन 2 अगस्त 2020 को किया गया था। संवीक्षा परीक्षा के परिणाम में सफल रहे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन 29 सितंबर 2023 से 11 जून 2024 तक किया गया था।

# आरपीएससी सदस्य मीणा को सौंपा अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार

**कासं/अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य कैलाशचंद मीणा को अध्यक्ष पद का अतिरिक्त



कार्यभार सौंपा गया है। कार्मिक विभाग ने सोमवार शाम इस सम्बंध में आदेश जारी किए। मीणा मंगलवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे। आरपीएससी अध्यक्ष पद पर संजय श्रोत्रिय का कार्यकाल एक अगस्त को पूरा हो गया था। इसके बाद से ही यह पद रिक्त था। सोमवार शाम कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किए कि संजय कुमार श्रोत्रिय की सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप सदस्य कैलाशचंद मीणा अपने कार्य के साथ-साथ अध्यक्ष का कार्य भी सम्पादित करेंगे। मीणा अब मंगलवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे।

कैलाशचंद मीणा को अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार देने के निर्णय ने चौंकाया है। श्रोत्रिय की विदाई के बाद से ही यह माना जा रहा था कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपने किसी विश्वस्त को अध्यक्ष नियुक्त कर सकती है। क्योंकि आरपीएससी में वर्तमान जितने भी सदस्य हैं, उन सभी की नियुक्ति पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान हुई थी।

**आयोग में मीणा से वरिष्ठ हैं यह सदस्य:** आयोग में कैलाशचंद मीणा सबसे वरिष्ठ सदस्य नहीं हैं। आयोग में वर्तमान में सबसे वरिष्ठ सदस्य डॉ. संगीता आर्य हैं। उनके बाद डॉ. मंजू शर्मा और केसरी सिंह राठौड़ भी हैं।

**कांग्रेस सरकार में सदस्य बने थे मीणा:** कैलाशचंद मीणा की नियुक्ति पिछली कांग्रेस सरकार में हुई थी। मीणा ने गत वर्ष 9 अक्टूबर 2023 को आयोग सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। उनका कार्यकाल 8 जुलाई 2026 को पूर्ण होगा। मीणा सेवानिवृत्त आईएएस हैं। आयोग सदस्य नियुक्त होने से पूर्व स्थानीय निकाय विभाग में सचिव थे।

## यह है नियुक्ति की प्रक्रिया

- अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल करते हैं।
- अध्यक्ष और सदस्य का कार्यकाल पदभार ग्रहण की तारीख से 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु पूरी होने तक होता है।

| वर्तमान सदस्य | नियुक्ति तिथि | कार्यकाल समाप्त |
|---|---|---|
| डॉ. संगीता आर्य | 14 अक्टूबर 2020 | 13 अक्टूबर 2026 |
| बाबूलाल कटारा (निलम्बित) | 15 अक्टूबर 2020 | 14 अक्टूबर 2026 |
| डॉ. मंजू शर्मा | 15 अक्टूबर 2020 | 14 अक्टूबर 2026 |
| कर्नल केसरी सिंह | 9 अक्टूबर 2023 | 8 अक्टूबर 2029 |
| कैलाशचंद मीणा | 9 अक्टूबर 2023 | 8 जुलाई 2026 |
| प्रो. अयूब खान | 9 अक्टूबर 2023 | 30 जून 2029 |

# युवा-शिक्षा-अवसर

दैनिक भास्कर, बीकानेर, मंगलवार, 6 अगस्त, 2024 

इंस्पायर अवार्ड • रजिस्ट्रेशन में बढ़ोतरी के लिए संभागवार नोडल ऑफिसर नियुक्त, ब्लॉक में भी लगेंगे अधिकारी

## पिछले साल के मुकाबले 7% आइडिया भी नहीं हुए अपलोड, अंतिम तिथि 15 सितंबर

एजुकेशनरिपोर्टर | बीकानेर

स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हुए एक महीने से अधिक का समय गुजर चुका है। लेकिन इंस्पायर अवार्ड योजना में रजिस्ट्रेशन की संख्या पिछले साल के मुकाबले 7% भी नहीं हुई है। पिछले साल कक्षा 6 से 10वीं के राज्य के 1.58 लाख अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया था। मगर इस बार एक माह में सिर्फ 9 हजार अभ्यर्थियों के ही इनोवेटिव आइडिया अपलोड किए हैं। 15 सितंबर ऑनलाइन नॉमिनेशन की अंतिम तिथि है। ऑनलाइन आवेदन की गति को बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने संभागवार नोडल ऑफिसर नियुक्त किए हैं। वहीं संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूली शिक्षा को निर्देश दिए गए हैं कि ब्लॉकवार नोडल अधिकारी नियुक्त कर ऑनलाइन नॉमिनेशन की संख्या में बढ़ोतरी की जाए। बीकानेर संभाग का नोडल अधिकारी राउमावि खाखूसर स्कूल के प्राचार्य कमलकांत स्वामी को नियुक्त किया गया है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया एक जुलाई से चल रही है। पिछले चार साल से राजस्थान ऑनलाइन नॉमिनेशन में नंबर वन की पोजीशन पर है। प्रत्येक स्कूल से पांच इनोवेटिव आइडिया ऑनलाइन सबमिट करने के निर्देश सभी संस्था प्रधानों को दिए गए हैं। योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को अपने इनोवेटिव आइडिया को डेवलप करने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली की ओर से प्रत्येक स्टूडेंट्स को 10-10 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### राजस्थान नॉमिनेशन में पिछले चार सालों से अव्वल



इंस्पायर अवार्ड योजना में पिछले चार सालों से लगातार राजस्थान ऑनलाइन नॉमिनेशन में नंबर वन पर रहा है। शिक्षा सत्र 2022-23 में 1.58 लाख और शिक्षा सत्र 2022-23 में 1.65 लाख अभ्यर्थियों ने नॉमिनेशन किया। वहीं 2021-22 में 1.76 लाख तथा 2020 -21 में राज्य से 1.50 लाख नॉमिनेशन हुए।

*राज्य सहित संभाग में भी आवेदन की स्थिति संतोषजनक नहीं है। सभी डीईओ और सीबीईओ को आगामी दो दिन में ब्लॉकवार इंस्पायर अवार्ड नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ.राजकुमार शर्मा, संयुक्तनिदेशक, स्कूली शिक्षा, बीकानेर संभाग*

### बीकानेर से 700 रजिस्ट्रेशन

बीकानेर जिले की स्कूलों से अब तक सिर्फ 700 अभ्यर्थियों ने अपने इनोवेटिव आइडिया ऑनलाइन सबमिट किए हैं। जबकि पिछले साल इस योजना में बीकानेर जिले से 4361 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया था।

## सीईटी: अब माइनस मार्किंग और पांचवां विकल्प भी होगा

### तीन दिन में जारी हो सकता है नोटिफिकेशन

बीकानेर| समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) में 2 और बड़े बदलाव होंगे। इस परीक्षा में अब गलत उत्तर के लिए नेगेटिव मार्किंग का सिस्टम लागू होगा। साथ ही अन्य भर्तियों की तरह किसी सवाल के जवाब के लिए 5 विकल्प मिलेंगे। अभ्यर्थियों को किसी सवाल का जवाब नहीं देने की स्थिति में पांचवें विकल्प को भरना जरूरी होगा। इन बदलावों के साथ सीईटी का नोटिफिकेशन अगले 3 दिन में कभी भी जारी हो सकता है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड इसका नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी में है। पिछले दिनों सरकार ने इस भर्ती में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पात्रता देने का निर्णय लिया था। बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि इस भर्ती में गलत उत्तर देने पर अन्य भर्तियों की तरह एक तिहाई अंक काटा जाएगा। इसके साथ ही 5वें विकल्प का नियम भी अन्य भर्तियों की भांति ही लागू किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि मुख्य परीक्षा के लिए योग्य अभ्यर्थियों का ही चयन हो। कोई भी उम्मीदवार तुक्केबाजी करके 40 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर सके।

## जिले के टॉपर रहे 2138 छात्रों को मिलेंगे टैबलेट

एजुकेशनरिपोर्टर| बीकानेर.

शिक्षा सत्र 2021-22 और 2022-23 के बीकानेर जिले के 2138 अभ्यर्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे। पात्र विद्यार्थियों के लिए टैबलेट बीकानेर पहुंच चुके हैं। जिन्हें सदर पुलिस थाने में रखवाया गया है। इनमें शिक्षा सत्र 2022 के 1145 और शिक्षा सत्र 2023 के 993 अभ्यर्थियों को इन लैपटॉप का वितरण किया जाएगा। हालांकि लैपटॉप का वितरण कब होगा इसको लेकर शिक्षा विभाग को फिलहाल कोई दिशा निर्देश नहीं मिले हैं। डीईओ माध्यमिक गजानन सेवग ने बताया कि मुख्यालय से दिशा निर्देश मिलने के बाद टैबलेट का वितरण किया जाएगा। विदित रहे कि राज्य सरकार की ओर से पिछले दो शिक्षा सत्रों के 55727 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया जाना है। जिसको लेकर जिलेवार टैबलेट पहुंचा दिए गए हैं। पात्र विद्यार्थियों को टैबलेट के साथ 3 वर्ष का इंटरनेट कनेक्शन भी मुक्त दिया जाएगा।

## आरपीएससी: आवेदन का लगेगा शुल्क, परीक्षा देने वालों को वापस होगी राशि

बीकानेर | आरपीएससी द्वारा कराई जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की तुलना में परीक्षा देने वालों की तादाद कम होने से आयोग का खर्च बेवजह अधिक हो रहा है। अब इस खर्च को बचाने के लिए आयोग वनटाइम रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। अब नई व्यवस्था के तहत आवेदन शुल्क वसूलने और परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को शुल्क वापस लौटाने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार से मंजूरी मिलते ही इस पर अमल शुरू कर दिया जाएगा। अभी एक रजिस्टर्ड अभ्यर्थी पर आयोग को लगभग एक हजार रुपए खर्च करना पड़ रहा है। इस माह 3 से 5 अगस्त तक हुई 5 परीक्षाओं पर नजर डालें तो आयोग को परीक्षार्थियों से ज्यादा खर्च करना पड़ा।

## इंजीनियरिंग कॉलेजों में इंटर स्टेट कोटा आज होगा अलॉट

एजुकेशन रिपोर्टर.बीकानेर

इंजीनियरिंग कॉलेजों में इंटर स्टेट कोटे के विद्यार्थियों को कॉलेज अलॉटमेंट मंगलवार को किए जाएंगे। अभी टीएफडब्ल्यूएस के दूसरे राउंड की काउंसलिंग जारी है। इंटर स्टेट कोटा को लेकर तैयारी की गई हैं। इसका अलॉटमेंट 6 अगस्त को किया जाएगा।

दूसरे राज्यों की छात्राओं के लिए अलॉटमेंट और काउंसलिंग 6 अगस्त से शुरू होगी। काउंसलिंग 6 अगस्त से शुरू होकर 10 अगस्त तक चलेगी। टीएफडब्ल्यूएस का तीसरा राउंड 8 अगस्त को पूरा होगा। छात्राओं के लिए 16 अगस्त से काउंसलिंग शुरू होगी। इसके बाद रिक्त सीटों पर कॉलेज स्तर पर डायरेक्ट एडमिशन किए जाएंगे।

## चयन बोर्ड ने जारी किया जेईएन भर्ती का कैलेंडर

बीकानेर| राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने जेईएन भर्ती परीक्षा का कैलेंडर जारी किया है। भर्ती परीक्षाएं अगले साल 6 से 9 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी । अभ्यर्थी लंबे समय से जेईएन भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने और कैलेंडर जारी करने की मांग कर रहे थे। बोर्ड ने भर्ती की प्रक्रिया तो प्रारंभ नहीं की, लेकिन परीक्षाओं का प्रस्तावित कैलेंडर जारी कर अभ्यर्थियों को राहत देने का प्रयास किया है। युवाओं का कहना है कि बोर्ड को भर्ती की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर देनी चाहिए।

## जेट का रिजल्ट घोषित, 10 हजार को मिलेगा प्रवेश

बीकानेर| कृषि विश्वविद्यालय की ओर से प्रदेश भर के कृषि कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेट)-2024 का सोमवार को परिणाम जारी कर दिया गया। अब कृषि विवि व कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया का विस्तृत शेड्यूल भी जारी करने की तैयारी की जा रही है। उधर, कोटा के एक केन्द्र से ओएमआर शीट गायब होने के मामले में छात्र का रि-एग्जाम कराने के बाद रिजल्ट जारी किया गया।

जेट समन्वयक डॉ. मनमोहन सुन्दरिया ने बताया कि दो जून को जेट का आयोजन बीकानेर सहित जोधपुर, जयपुर, कोटा, उदयपुर शहर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर करवाया गया था।

## स्नातक प्रवेश: शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि आज

बीकानेर| स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा करने की अंतिम तिथि 6 अगस्त निर्धारित है।

जिन अभ्यर्थियों ने अब तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और शुल्क जमा नहीं कराया है उनके पास अब एक दिन का समय शेष बचा है। प्रवेशित विद्यार्थियों की पहली सूची का प्रकाशन 8 अगस्त को होगा।

श्रेणीवार रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 8 अगस्त से शुरू होगी। अभ्यर्थी अंतिम तिथि 16 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे।

दैनिक भास्कर

बांसवाड़ा जिला 06-08-2024

# डमी कैंडिडेट बैठाकर सरकारी नौकरी हासिल करने वाले 4 शिक्षक बर्खास्त

## बैठक में लिया निर्णय, इससे पहले 7 शिक्षक और 1 वीडीओ के खिलाफ हो चुकी है कार्रवाई

बांसवाड़ा| परीक्षा में डमी कैंडिडेट बैठाकर सरकारी नौकरी हासिल करने वाले चार शिक्षकों को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। जिला परिषद स्थापना समिति की सोमवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस संबंध में रिपोर्ट मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। बैठक में शिक्षक भर्ती-2022 में डमी कैंडिडेट प्रकरण में रिपोर्ट के आधार पर नरेश कटारा, रमेशचन्द्र अड, राजेन्द्र कुमार डिंडोर और दीपक कुमार यादव को राज्य सेवा से बर्खास्त किया है। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने की। बैठक में जिला परिषद सीईओ डॉ. वृद्धिचंद गर्ग, डीईओ (प्रारंभिक शिक्षा) शम्मे फरोजा बतुल अंजुम, अतिरिक्त कोषाधिकारी चर्चित मेहता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 7 शिक्षकों और एक ग्राम विकास अधिकारी को राजकीय सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है।



जिला परिषद स्थापना समिति बैठक में उपस्थित अधिकारी।

### 5 की नियुक्ति के लिए पंचायत समितियों का आवंटन

बैठक में राजस्थान प्राथमिक व उच्च प्राथमिक अध्यापक सीधी भर्ती-2022 अन्तर्गत निदेशालय बीकानेर की ओर से जिले को लेवल प्रथम में 2 अभ्यर्थी, लेवल द्वितीय विषय संस्कृत में 3, अंग्रेजी में 1 और गणित विज्ञान में 1 कुल 5 अभ्यर्थियों की नियुक्ति/पदस्थापन के लिए पंचायत समितियों का आवंटन किए जाने का भी निर्णय लिया गया।

दैनिक भास्कर
बीकानेर 06-08-2024

**भास्कर ब्रेकिंग** सामान्य वर्ग में 18 से 28 वर्ष के छात्र आवेदन के पात्र, 30 जून 2024 से होगी आयु की गणना

# बीपीएडः पहली बार त्रिस्तरीय परीक्षण प्रक्रिया से गुजरेंगे अभ्यर्थी, प्री परीक्षा से होगा दो हजार सीटों पर दाखिला, 100 अंकों की होगी परीक्षा

दिलीप सिंह पंवार | बीकानेर

शारीरिक शिक्षक बनने के लिए पहली बार अभ्यर्थियों को प्री परीक्षा भी देनी होगी। पहले शारीरिक दक्षता के आधार पर ही टेस्ट लेकर दाखिला दे दिया जाता था। इस वर्ष दो वर्षीय बीपीएड कोर्स में दाखिले के लिए त्रिस्तरीय परीक्षण प्रक्रिया से अभ्यर्थियों को गुजरना पड़ेगा।

राज्य सरकार ने पीटीईटी और डीएलएड के बाद प्री- बीपीएड करने का दायित्व भी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा को दिया है। नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने दो वर्षीय शारीरिक शिक्षा स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा (प्री-बीपीएड -2024) की अधिसूचना जारी कर दी है। बीपीएड कोर्स की दो हजार सीटों पर प्रवेश के लिए इस बार अभ्यर्थियों को 100 अंकों की प्रतियोगी परीक्षा पास करनी होगी। प्रतियोगी परीक्षा में अभ्यर्थियों से कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं रखा गया है। परीक्षा में राजस्थान और भारत की खेल हस्तियाँ, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल शिक्षण योग्यता मानसिक क्षमता और तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान (भौगोलिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलू) इत्यादि से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए जाएंगे। सामान्य वर्ग में 18 से 28 वर्ष के छात्र अभ्यर्थी आवेदन के पात्र होंगे। जबकि आरक्षित वर्ग सहित सामान्य महिला अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 18 से 33 वर्ष निर्धारित की गई है। पूर्व सैनिकों के लिए 18 से 40 वर्ष और सेवारत शारीरिक शिक्षक के लिए 45 वर्ष आयु निर्धारण की गई है। आयु की गणना 30 जून 2024 से होगी।

## यूं समझेंः कैसे होगा वरीयता का निर्धारण

1. **पहला चरणः** 100 अंकों की होगी प्रतियोगी परीक्षा, आवंटित सीटों के तीन गुना अभ्यर्थी अगले चरण के लिए योग्य होंगे।
2. **दूसरा चरणः** शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के तहत पुरुष वर्ग के लिए 2200 मीटर और महिला वर्ग के लिए 1800 मीटर दौड़, यह दौड़ 12 मिनट में पूरी करनी होगी।
3. **तीसरा चरणः** प्रवेश परीक्षा के 20 अंक, स्नातक परीक्षा के 40 अंक, सीपीएड, डीपीएड, किसी खेल में एक वर्षीय डिप्लोमा के 5 अंक सहित खेल प्रमाण पत्र के अधिकतम 35 अंकों के आधार पर वरीयता का निर्धारण होगा।

**उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए करना होगा रजिस्ट्रेशन**

नोडल एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अगले चरण शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण में शामिल होने से पहले रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन शुल्क 5 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। जिन अभ्यर्थियों द्वारा रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करवाया जाएगा उन्हें फिजिकल टेस्ट में शामिल नहीं किया जाएगा। दो वर्षीय बीपीएड पाठ्यक्रम के लिए 22370 रुपए वार्षिक शुल्क निर्धारित है।

## तीन चरणों में होगी चयन प्रक्रिया, फिजिकल टेस्ट भी जरूरी

बीपीएड कोर्स में प्रवेश के लिए इस बार तीन चरणों में चयन प्रक्रिया होगी। प्री-परीक्षा के बाद दूसरे चरण में फिजिकल टेस्ट भी होगा। तीसरे चरण में वरीयता का निर्धारण किया जाएगा। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का वरीयता निर्धारण में कोई योगदान नहीं रहेगा। लेकिन इसमें उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही अगले चरण में भाग लेने के योग्य होंगे।

*राज्य के विभिन्न कॉलेजों में संचालित बीपीएड कोर्स में प्रवेश के लिए इस बार प्री - परीक्षा आयोजित करवाई जा रही है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थी 10 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा 8 सितंबर को होगी।*

**डॉ. कपिल गौतम,** समन्वयक, प्री-बीपीएड परीक्षा

दैनिक भास्कर
बीकानेर 06-08-2024

# सीएसएबी: 5 विकल्पों में चुनना होगा एक विकल्प

## राउंड-1 सीट आवंटन जारी, रिपोर्टिंग 7 अगस्त तक

एजुकेशन रिपोर्टर | बीकानेर

एनआईटी, ट्रिपलआईटी और जीएफटीआई के 98 कॉलेजों की 13466 सीटों के लिए चल रही सीएसएबी काउंसलिंग के पहले राउंड का सीट आवंटन जारी किया जा चुका है। जिन छात्रों को सीट मिली है, उन्हें 7 अगस्त शाम 5 बजे तक बजे तक एडमिशन फीस जमा कर आवश्यक डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी। पहले राउंड में सीट आवंटन के बाद छात्रों को पांच विकल्पों में से एक विकल्प को चुनना होगा। पहले राउंड के सीट आवंटन के बाद ऐसे स्टूडेंट्स जो अपनी आवंटित सीट से संतुष्ट नहीं हैं वे अपनी आवंटित सीट सरेंडर कर आगे की राउंड की काउंसलिंग में जा सकते हैं और

### यह रहेगा विभिन्न श्रेणियों का शुल्क

सामान्य व ओबीसी के लिए 35,000 व एससी व एसटी के लिए 12,500 रुपए फीस रखी गई है। छात्रों को ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान एडमिशन फीस जमा करवाकर डॉक्यूमेंट वैरीफिकेशन के बाद अपनी आवंटित सीट का कंफर्मेशन लेना होगा।

आवंटित सीट को विदड्राल कर काउंसलिंग से बाहर भी जा सकते हैं । इसके लिए सात अगस्त तक का अवसर है। छात्र ऑनलाइन रिपोर्टिंग में ही अपनी आवंटित सीट को सरेंडर कर फीस रिफंड करवा सकते है। सीएसएबी द्वारा 5000 रुपए काउंसलिंग फीस काटकर शेष फीस लौटा दी जाएगी।

दैनिक भास्कर

श्रीगंगानगर भास्कर 06-08-2024

**भास्कर एक्सक्लूसिव** • श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ में 1724 आवेदन, शिक्षकों का 100 अंक का होगा पेपर, मेरिट के आधार पर गृह जिला मिलेगा

# सरकारी अंग्रेजी स्कूलों में खाली पद भरने के बहाने तबादलों का तोड़ निकाला, घर के पास पोस्टिंग के लिए 87,785 देंगे परीक्षा

## परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर ही अपने निकटतम महात्मा गांधी स्कूलों में पदस्थापन का मौका मिल सकेगा

मयूर पारीक | श्रीगंगानगर

सरकार ने राजकीय अंग्रेजी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों को भरने के बहाने तबादलों का तोड़ निकाला है। शिक्षा विभाग में अभी तबादलों पर रोक है। इस बीच राज्यभर के 3700+ राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पदस्थापन के लिए सरकारी स्कूलों में पदस्थापित शिक्षकों की चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए राज्यभर से 87785 शिक्षकों ने शाला दर्पण के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया है। जबकि बीते साल 46321 शिक्षकों ने आवेदन किया था। इसमें 1321 प्राचार्य तथा 45 हजार शिक्षक शामिल हुए।

इस प्रकार इस साल बीते वर्ष की तुलना ही में 41 हजार 464 आवेदन अधिक प्राप्त हुए हैं। सूत्रों के अनुसार श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले से 1724 आवेदन हुए हैं। दोनों जिलों के 82 महात्मा गांधी व स्वामी विवेकानंद मॉडल अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 40 फीसदी पद खाली पड़े हैं।

बता दें कि इस परीक्षा के लिए प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में निर्देश जारी कर राज्य स्तर पर परीक्षा आयोजन हेतु पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, बीकानेर को तथा जिला स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जबकि संबंधित जिले के डाइट प्राचार्य को सह जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है।

गौरतलब है कि इस परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर ही दूर दराज क्षेत्रों में नियुक्त शिक्षकों, वरिष्ठ अध्यापकों, व्याख्याताओं व प्रधानाचार्य आदिको अपने गृह जिले या निकटतम महात्मा गांधी स्कूलों में पदस्थापन का मौका मिल सकेगा। अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रिक्त पड़े पदों पर शिक्षकों की भर्ती के लिए इस बार भी परीक्षा होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के निर्देशन में पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षा कार्यालय की ओर से ये परीक्षा राज्यभर के प्रमुख केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

परीक्षा में शिक्षा विभाग में पहले से कार्यरत शिक्षक ही हिस्सा ले सकेंगे। शिक्षक संघों का कहना है कि तबादलों का इंतजार कर रहे शिक्षकों को इस भर्ती के बाद नुकसान होगा। सरकार को नई भर्ती प्रक्रिया के जरिए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में खाली पदों को भरना चाहिए ताकि नए युवाओं को भी रोजगार मिल सके।




**बाड़मेर से सर्वाधिक आवेदन भरे गए:** प्रदेश के 87 हजार टीचर्स ने इन स्कूल में जाने की इच्छा इसलिए भी जताई है कि इन्हें गृह जिले में आने का अवसर मिल सकता है। किसी भी जिले में काम कर रहा शिक्षक इस परीक्षा में शामिल हो सकता है। चयन होने पर उसे मेरिट के आधार पर जिला आवंटित किया जाएगा। ऐसे में अपने जिले से बाहर काम कर रहे शिक्षक गृह जिले की मेरिट में आए तो पोस्टिंग उसी जिले में हो जाएगी। ऐसे में उसके लिए ये तबादले जैसा होगा। यह परीक्षा प्रदेश भर में पूर्ववर्ती 33 जिलों के आधार पर ही आयोजित की जाएगी इसके लिए राज्य में सर्वाधिक आवेदन 9564 बाड़मेर जिले से हुए हैं जबकि दूसरे स्थान पर 6490 आवेदन जोधपुर तथा तीसरे स्थान पर 4927 शिक्षकों ने भीलवाड़ा से आवेदन किया है।

**सरकारी स्कूलों में रहेंगे परीक्षा केंद्र:** शिक्षा विभाग के अनुसार इस परीक्षा के लिए निर्धारित किए जाने वाले केंद्र केवल सरकारी स्कूलों में ही रहेंगे। जिला मुख्यालय पर परीक्षा केन्द्रों की समुचित व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में निकटतम ब्लॉक मुख्यालय पर भी परीक्षा केंद्र बनाए जा सकेंगे। पिछले साल इस परीक्षा के लिए शिक्षकों ने तीस नंबर का पेपर दिया था, जिसमें 12 नंबर लाने वाले शिक्षकों को योग्य माना गया था। इस बार ये पेपर 30 के बजाय 100 नंबर का होगा। इसके लिए 1.30 घंटे का समय मिलेगा। उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 40 अंक निर्धारित है। हालांकि विभाग की ओर से अभी परीक्षा तिथि घोषित नहीं हुई है। गत वर्ष जिले में 2 केंद्र बनाए गए थे। इस साल आवेदन संख्या के हिसाब से जिला मुख्यालय के 6-7 सरकारी स्कूलों में परीक्षा आयोजन संभावित है। पिछले साल की तरह इस बार भी परीक्षा में गलत उत्तर देने पर नेगेटिव मार्किंग होगी। एक प्रश्न गलत करने पर चौथाई नंबर कट हो जाएगा। ऐसे में सभी प्रश्न करने के बजाय शिक्षकों को वो ही प्रश्न करने होंगे, जो उसे सही तरीके से आते हैं। शिक्षा विभागीय पंजीयक कार्यालय को इस परीक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। एक महीने के भीतर परीक्षा के लिए तैयारी शुरू हो गई है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को सेंटर तय करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शिक्षक संघ बोले - सरकार को नई भर्ती करके महात्मा गांधी स्कूलों में पदस्थापन करना चाहिए

*सभी विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरना आवश्यक है। महात्मा गांधी विद्यालयों में भी पद भरने हेतु आवेदन मांगे गए हैं।गत सरकार ने बिना किसी ठोस नीति के अपने चहेतों को इन विद्यालयों में लगाया था। हमारे संघ का मत है कि सरकार को नई भर्ती करके महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में पदस्थापन करना चाहिए। इस सरकार द्वारा जिस जिले में शिक्षक कार्यरत है उसे 10 अंक का लाभ दिया जाएगा। इससे जिले के शिक्षक लाभान्वित होंगे। दूरस्थ जिलों में बैठे शिक्षक जो स्थानांतरण की उम्मीद लगाए बैठे हैं उनके लिए शीघ्र स्थानांतरण खोलने चाहिए। महात्मा गांधी हो या अन्य विद्यालय सभी रिक्त शिक्षक पदों हेतु पदोन्नति व सीधी भर्ती से भरे जाने चाहिए।*

सुनील भारद्वाज, जिला मंत्री, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, श्रीगंगानगर

### आवेदनों का गणित

| जिला | प्रधानाचार्य | शिक्षक | अन्य |
|---|---|---|---|
| श्रीगंगानगर | 45 | 1679 | 1724 |
| हनुमानगढ़ | 18 | 787 | 805 |
| बीकानेर | 92 | 3625 | 3717 |
| राज्य | 1198 | 86587 | 87785 |

दैनिक भास्कर चुरू 06-08-2024

# लाडो प्रोत्साहन योजना; अब बेटी के जन्म पर सात किश्तों में मिलेंगे एक लाख रुपए

भास्कर संवाददाता | चूरू

प्रदेश में एक अगस्त से लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इस योजना में राज्य सरकार की ओर से बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपए का सेविंग बॉण्ड प्रदान किया जाएगा, जिससे बालिकाओं के पालन-पोषण के साथ बेहतर शिक्षा व उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित होगा।

योजना का क्रियान्वयन महिला अधिकारिता विभाग, चिकित्सा विभाग व शिक्षा विभाग के समन्वय से किया जाएगा। योजना से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलेगा तथा मातृ मृत्यु दर व बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी। योजना के तहत बालिका के जन्म पर 1 लाख रुपए की राशि का संकल्प पत्र प्रदान किया जाएगा। पूरा भुगतान 7 किश्तों में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। बालिका के वयस्क होने तक पहली छह किश्तें बालिका के माता-पिता या अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7वीं किश्त बालिका के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएंगी। बता दें कि योजना में राजश्री योजना को समाहित किया गया है।

योजना के तहत पात्रता के लिए प्रसूता राजस्थान की मूल निवासी हो तथा राजकीय चिकित्सा संस्थान या जननी सुरक्षा योजना के लिए अधिस्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में बालिका का जन्म होना आवश्यक है। पहली किश्त बालिका के जन्म पर 2500 रुपए, दूसरी किश्त आयु एक वर्ष होने व सभी टीकाकरण पर 2500, तीसरी किश्त बालिका के प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने पर 4000 रुपए, चौथी किश्त कक्षा 6 में प्रवेश पर 5000 रुपए, पांचवी किश्त 10वीं कक्षा में प्रवेश पर 11000 रुपए, छठी किश्त 12वीं कक्षा में प्रवेश पर 25000 तथा सातवीं किश्त स्नातक उत्तीर्ण करने पर 50000 रुपए की दी जाएगी।

# पेपर लीक मामले में एसओजी खंगाल रही एक लाख रुपए के इनामी यूनिक भाम्बू की सम्पत्ति

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीमें एसआई भर्ती परीक्षा-2021 समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले एक लाख रुपए के इनामी यूनिक भांबू उर्फ की बीकानेर, रतनगढ़ और चूरू में सम्पत्ति को चिन्हित किया है। बताया जा रहा है इन तीनों ही जगह पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत की सम्पत्ति है। अब इन सभी के दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। उसका जयपुर में भी फ्लैट है।

**यह कार्रवाई की जा रही :** एसओजी ने यूनिक भाम्बू की संपत्ति कुर्क करने के लिए धारा 82, 83 सीआरपीसी की कार्रवाई शुरू कर दी है। धारा 82 के तहत जब आरोपी व्यक्ति न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए जाने के बाद भी न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो उसके खिलाफ वारंट निष्पादित माना जाता है। धारा 83 के तहत चल-अचल संपत्ति की कुर्की की जा सकती है। यदि भांबू एक माह में एसओजी के सामने पूछताछ के लिए नहीं आता है तो उसकी सम्पत्ति कुर्क कर दी जाएगी। इसके खिलाफ शुक्रवार को लुकआउट नोटिस भी जारी हुआ है।



**दुबई में ठिकाना :** आरोपी पेपर लीक करने वाले गिरोह के पकड़े जाने के बाद देश छोड़कर भाग गया। वह सबसे पहले दुबई पहुंचा। भाम्बू ने अपने भाई को राजस्थान पुलिस में एसआई बनाया और पत्नी को टीचर बना दिया। अब तक वह परिवार, परिचित समेत करीब 30 से ज्यादा लोगों को नौकरी लगवा चुका है। यह खुद भी गिरोह के जरिए नकल कर वन विभाग में नौकरी पर लग गया।

# 24,767 पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति विड्रो नए नियमों से होगी सफाईकर्मियों की भर्ती

NAVAJYOTI असर खबर का

**दैनिक नवज्योति ने तीन अगस्त को भर्ती विज्ञप्ति को विड्रो करने की प्रकाशित की थी खबर**

24,767 पदों पर भर्ती की विड्रो होगी विज्ञप्ति

## सरकार 2012 के नियमों पर नए सिरे से करेगी सफाईकर्मियों की भर्ती

पुरानी भर्ती में आवेदन शुल्क देने वालों को मिलेगी छूट, जल्द नियमों का प्रारूप जारी होगा

निर्धारित योग्यता वाले आवेदन भी स्वीकार

14 साल पहले इन नियमों पर हुई भर्ती

9.20 लाख ने किया था आवेदन

दो साल तक अस्थायी नियुक्ति



ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। प्रदेश में 24,767 सफाई कर्मचारियों के पदों भर्ती अब नए नियमों से होगी। स्वायत्त शासन विभाग ने इन पदों पर भर्ती के लिए एक मार्च 2024 को जारी की गई विज्ञप्ति को सोमवार को विड्रो कर लिया है। दैनिक नवज्योति ने तीन अगस्त को 24,767 पदों पर भर्ती की विड्रो होगी विज्ञप्ति, सरकार 2012 के नियमों पर नए सिरे से करेगी सफाईकर्मियों की भर्ती शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।

डीएलबी निदेशक एवं संयुक्त सचिव सुरेश कुमार ओला की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि स्वायत्त शासन विभाग की ओर से राज्य के नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञापन एक मार्च 2024 को प्रत्याहारित/विड्रो किया जाता है। बताया जा रहा है कि अब नई विज्ञप्ति नए नियमों के साथ जल्द ही जारी होगी। विभाग की ओर से भर्ती विज्ञप्ति जारी होने के बाद 9.20 लाख लोगों ने आवेदन किया था। अब 2012 की भर्ती के आधार पर नियम तय करते हुए नई विज्ञप्ति जारी की जाएगी।


# डमी अभ्यर्थी बैठाकर सरकारी नौकरी पाने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग जयपुर की ओर से आयोजित ग्राम सेवक और हॉस्टल सुप्रिंटेंडेंट ग्रेड द्वितीय-2016 भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास कर सरकारी नौकरी पाने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रिपोर्ट पर टीम जांच कर रही है। एसओजी के अनुसार भर्ती परीक्षा में आवेदनकर्ता बाड़मेर धोरीमन्ना निवासी लादूराम विश्नोई हाल ग्रामसेवक राणासर कल्ला धोरीमन्ना ने स्वयं परीक्षा नहीं देकर डमी कैंडिडेट से परीक्षा दिलवाई। डमी अभ्यर्थी से आरोपी लिखित परीक्षा में पास हो गया और नौकरी प्राप्त कर ली।

**अलग मिला रिकॉर्ड :** एसओजी ने राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग जयपुर से अभ्यर्थी लादूराम का मूल आवेदन पत्र, अटेण्डेंसशीट, आन्सर शीट व प्रवेश पत्र लेकर जांच की गई। इसके अलावा विकास अधिकारी धोरीमन्ना बाड़मेर से अभ्यर्थी लादूराम का पूरा सर्विस रिकॉर्ड लिया गया। जांच में बोर्ड की ओर से प्राप्त प्रवेश पत्र व आवेदन पत्र की फोटो और लादूराम ने ग्रामसेवक 2016 में चयन उपरान्त कर्मचारी चयन आयोग को जमा करवाए गए अपने दस्तावेज में फोटो अलग लगाना सामने आया। जांच में सामने आया कि लादूराम ने राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग को पेश किए आवेदन पत्र के हस्ताक्षर, स्वयं उपस्थित के दौरान स्वास्थ्य प्रमाण.पत्र, राज्य कर्मचारी का विवरण पत्र, दो वर्ष की सेवा पूर्ण पर परिवीक्षाकाल समाप्त करने हेतु आवेदन पत्र व कर्मचारी के सन्तान सम्बंधी घोषणा पत्र में किए हस्ताक्षर अलग-अलग पाए गए।

## खुद के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

एसओजी ने सोमवार को वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 में खुद के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने के मुख्य



आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रमेश कुमार राणा (37) मोखातरा जालौर का रहने वाला है। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी यूनिट अजमेर ने रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी रमेश कुमार राणा ने वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगिता परीक्षा-2022 में खुद की ओर से आवेदन पत्र जारी किया। आरपीएससी ने रमेश कुमार राणा के नाम से जारी प्रवेश पत्र को आरोपी रमेश कुमार राणा ने कांट-छांट की। उसने प्रतियोगी परीक्षा में सामान्य ज्ञान एवं हिन्दी की परीक्षा के लिए खुद के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में सुरेश कुमार गोदारा एवं दिनेश कुमार को बैठा दिया।

दैनिक भास्कर

जयपुर 06-08-2024

**चिकित्सा शिक्षा** • प्रदेश में 6 सरकारी, 18 राजमेस, 9 निजी, 1 ESIC व एक एम्स

# सरकारी मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी, निजी संस्थानों में स्वीकृत से भी ज्यादा शिक्षक

सुरेन्द्र स्वामी | जयपुर



प्रदेश में एमबीबीएस की सीटों के प्रवेश के लिए मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की ओर से अंडर ग्रेजुएट कोर्स में दाखिले के लिए काउंसलिंग प्रारंभ होने वाली है। कॉलेजों व सीटों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद सरकारी कॉलेजों में तो फैकल्टी की कमी है, जबकि प्राइवेट कॉलेजों में स्वीकृत पदों से ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं। फैकल्टी की भर्ती नहीं करने से सरकारी कॉलेजों में हमेशा हमेशा मान्यता का संकट मंडराता रहता है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्वीकृत 4791 में से 2942 शिक्षक ही कार्यरत हैं। 1849 डॉक्टरों के पद खाली हैं। सबसे ज्यादा रिक्त पद जोधपुर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर, अजमेर व जयपुर मेडिकल कॉलेज में है। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर विधानसभा में जल्द भर्ती प्रक्रिया की बात कही थी। प्रदेश में कुल 35 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं । इनमें से 6 सरकारी, 18 राजमेस, 9 निजी, एक ईएसआईसी अलवर व एक एम्स जोधपुर शामिल हैं। इन सभी में नीट यूजी के स्कोर पर एडमिशन दिया जाता है।

## झुंझुनूं में 50 सीटों पर प्रवेश के लिए एलओपी

नेशनल मेडिकल कमीशन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज झुंझुनूं में एमबीबीएस की 50 सीटों के लिए लेटर ऑफ परमिशन (एलओपी) जारी किया गया है। जिससे सत्र 2024-25 में प्रवेश मिल सकेगा। वहीं एनएमसी देश के सभी कॉलेजों में तीन हजार सीटों को बढ़ा सकता है।

**सरकारी मेडिकल कॉलेजों की स्थिति**

| कॉलेज | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| जोधपुर | 576 | 338 | 238 |
| आरयूएचएस | 228 | 71 | 157 |
| कोटा | 322 | 174 | 148 |
| उदयपुर | 398 | 251 | 147 |
| बीकानेर | 312 | 172 | 140 |
| जयपुर | 834 | 771 | 63 |

### प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों के पदों की स्थिति

महात्मा गांधी जयपुर में 80 शिक्षक अधिक व जयपुर निम्स में सभी पद पूरे हैं। गीतांजलि उदयपुर में 22 शिक्षक अधिक हैं। पेसेफिक उदयपुर में सभी पद भरे हैं। जेएनयू जयपुर में 30 अधिक व अमेरिकन उदयपुर में 145 शिक्षक पदों की तुलना में अधिक हैं । अनंता राजसमंद में पद भरे हैं। टांटिया श्रीगंगानगर में 47 शिक्षक अधिक हैं

# सीईटी: अब माइनस मार्किंग और पांचवां विकल्प भी होगा

## तीन दिन में जारी हो सकता है नोटिफिकेशन



**जयपुर|** समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) में 2 और बड़े बदलाव होंगे। इस परीक्षा में अब गलत उत्तर के लिए नेगेटिव मार्किंग का सिस्टम लागू होगा। साथ ही अन्य भर्तियों की तरह किसी सवाल के जवाब के लिए 5 विकल्प मिलेंगे। अभ्यर्थियों को किसी सवाल का जवाब नहीं देने की स्थिति में पांचवें विकल्प को भरना जरूरी होगा। इन बदलावों के साथ सीईटी का नोटिफिकेशन अगले 3 दिन में कभी भी जारी हो सकता है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड इसका नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी में है। पिछले दिनों सरकार ने इस भर्ती में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पात्रता देने का निर्णय लिया था। बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि इस भर्ती में गलत उत्तर देने पर अन्य भर्तियों की तरह एक तिहाई अंक काटा जाएगा। इसके साथ ही 5वें विकल्प का नियम भी अन्य भर्तियों की भांति ही लागू किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि मुख्य परीक्षा के लिए योग्य अभ्यर्थियों का ही चयन हो। कोई भी उम्मीदवार तुक्केबाजी करके 40 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर सके। दो-तीन दिन में सीईटी का नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा।

# आरपीएससी: आवेदन का लगेगा शुल्क, परीक्षा देने वालों को वापस होगी राशि

**जयपुर |** आरपीएससी द्वारा कराई जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की तुलना में परीक्षा देने वालों की तादाद कम होने से आयोग का खर्च बेवजह अधिक हो रहा है। अब इस खर्च को बचाने के लिए आयोग वनटाइम रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। अब नई व्यवस्था के तहत आवेदन शुल्क वसूलने और परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को शुल्क वापस लौटाने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार से मंजूरी मिलते ही इस पर अमल शुरू कर दिया जाएगा। अभी एक रजिस्टर्ड अभ्यर्थी पर आयोग को लगभग एक हजार रुपए खर्च करना पड़ रहा है। इस माह 3 से 5 अगस्त तक हुई 5 परीक्षाओं पर नजर डालें तो इन परीक्षाओं में आयोग को परीक्षार्थियों से ज्यादा खर्च करना पड़ा। इसकी मुख्य वजह वन टाइम रजिस्ट्रेशन को बताया जा रहा है।

# इंजीनियरिंग कॉलेजों में इंटर स्टेट कोटा आज होगा अलॉट

एजुकेशन रिपोर्टर.जयपुर

इंजीनियरिंग कॉलेजों में इंटर स्टेट कोटे के विद्यार्थियों को कॉलेज अलॉटमेंट मंगलवार को किए जाएंगे। अभी टीएफडब्ल्यूएस के दूसरे राउंड की काउंसलिंग जारी है। इंटर स्टेट कोटा को लेकर तैयारी की गई हैं। इसका अलॉटमेंट 6 अगस्त को किया जाएगा।

दूसरे राज्यों की छात्राओं के लिए अलॉटमेंट और काउंसलिंग 6 अगस्त से शुरू होगी। काउंसलिंग 6 अगस्त से शुरू होकर 10 अगस्त तक चलेगी। टीएफडब्ल्यूएस का तीसरा राउंड 8 अगस्त को पूरा होगा। छात्राओं के लिए 16 अगस्त से काउंसलिंग शुरू होगी। इसके बाद रिक्त सीटों पर कॉलेज स्तर पर डायरेक्ट एडमिशन किए जाएंगे।

# चयन बोर्ड ने जारी किया जेईएन भर्ती का कैलेंडर

**जयपुर|** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने जेईएन भर्ती परीक्षा का कैलेंडर जारी किया है। भर्ती परीक्षाएं अगले साल 6 से 9 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी । अभ्यर्थी लंबे समय से जेईएन भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने और कैलेंडर जारी करने की मांग कर रहे थे। बोर्ड ने भर्ती की प्रक्रिया तो प्रारंभ नहीं की, लेकिन परीक्षाओं का प्रस्तावित कैलेंडर जारी कर अभ्यर्थियों को राहत देने का प्रयास किया है। बेरोजगार युवाओं का कहना है कि बोर्ड को अब जल्दी से जल्दी इस भर्ती की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर देनी चाहिए। इससे पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों में उत्साह बना रहेगा।

# आरयू : बीएड संस्थानों पर रहेगी नजर, विभिन्न सूचनाएं मांगी

एजुकेशन रिपोर्टर | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय ने जयपुर व दौसा में संचालित दो वर्षीय बीएड, चार वर्षीय बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और स्पेशल बी-एड संस्थानों की निर्धारित प्रपत्र में सूचना मांगी है। जिसमें कॉलेज का नाम, प्राचार्य निदेशक का नाम, संचालित संस्थान का पता, कार्यरत टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ का नाम-योग्यता, रिक्त पदों की संख्या, छात्र-छात्राओं की संख्या, संबद्धता प्राप्त संस्थान शामिल हैं। जानकारी के अनुसार विवि प्रशासन डेटा तैयार कर रहा है। जिससे पता लग सकेगा कि किस संस्थान में कितना स्टाफ है। मौजूदा स्थिति में राजस्थान विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र जयपुर व दौसा जिला भी है।

# सीएसएबी: पांच विकल्पों में चुनना होगा एक विकल्प को

## राउंड-1 सीट आवंटन जारी , रिपोर्टिंग 7 अगस्त तक

**जयपुर|** एनआईटी, ट्रिपलआईटी और जीएफटीआई के 98 कॉलेजों की 13466 सीटों के लिए चल रही सीएसएबी काउंसलिंग के पहले राउंड का सीट आवंटन जारी किया जा चुका है। जिन छात्रों को सीट मिली है, उन्हें 7 अगस्त शाम 5 बजे तक बजे तक एडमिशन फीस जमा कर आवश्यक डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी। पहले राउंड में सीट आवंटन के बाद छात्रों को पांच विकल्पों में से एक विकल्प को चुनना होगा। पहले राउंड के सीट आवंटन के बाद ऐसे स्टूडेंट्स जो अपनी आवंटित सीट से संतुष्ट नहीं हैं वे अपनी आवंटित सीट सरेंडर कर आगे की राउंड की काउंसलिंग में जा सकते हैं और आवंटित सीट को विदड्राल कर काउंसलिंग से बाहर भी जा सकते हैं । इसके लिए सात अगस्त तक का अवसर है। छात्र ऑनलाइन रिपोर्टिंग में ही अपनी आवंटित सीट को सरेंडर कर फीस रिफंड करवा सकते है। सीएसएबी द्वारा 5000 रुपए काउंसलिंग फीस काटकर शेष फीस लौटा दी जाएगी।

### यह रहेगा विभिन्न श्रेणियों का शुल्क

सामान्य व ओबीसी के लिए 35,000 व एससी व एसटी के लिए 12,500 रुपए फीस रखी गई है। छात्रों को ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान एडमिशन फीस जमा करवाकर डॉक्यूमेंट वैरीफिकेशन के बाद अपनी आवंटित सीट का कंफर्मेशन लेना होगा।

दैनिक भास्कर

जयपुर 06-08-2024

## एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामला

# भांबू की बीकानेर, चूरू, रतनगढ़ में डेढ़ करोड़ की प्रॉपर्टी, कुर्क होगी

**जयपुर|** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने के एक लाख रुपए के इनामी यूनिक भांबू उर्फ पंकज चौधरी की चूरू, बीकानेर और रतनगढ़ में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की जमीनों की जानकारी मिली है। अब इनके बारे में दस्तावेज जुटाएं जा रहे हैं। एसओजी ने संपत्ति कुर्क करने के लिए धारा 82, 83 सीआरपीसी की कार्रवाई शुरू कर दी है। धारा-82 में जब आरोपी न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए जाने के बाद भी हाजिर नहीं होता है तो उसके खिलाफ वारंट निष्पादित माना जाता है। धारा-83 के तहत चल-अचल संपत्ति की कुर्की की जा सकती है। यदि भांबू एक माह में एसओजी के समाने पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुआ तो उसकी संपत्ति को कुर्क कर दिया जाएगा। एसओजी की जांच शुरू होते ही पेपर लीक का मास्टरमाइंड यूनिक भांबू दुबई भाग गया। यूनिक ने अपने भाई को राजस्थान पुलिस में एसआई और पत्नी को ग्रेड सेकंड टीचर पद नौकरी लगवाई थी। साथ ही परिवार और रिश्तेदारी में 30 से ज्यादा लोगों को नौकरी लगवा चुका है। खुद भी नकल गिरोह से सेटिंग के आधार पर ही वन विभाग में नौकरी लगा था। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी हुआ है।

दैनिक भास्कर
जयपुर 06-08-2024

## कोर्ट स्टे, बेरोजगारों को सरकार की मजबूत पैरवी का इंतजार

# FSO भर्ती : डेपुटेशन कर्मी सरकार पर भारी, चयनितों को नहीं मिली नौकरी

जयपुर| चिकित्सा विभाग में खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) के पद पर विभिन्न संवर्गों से डेपुटेशन पर आए कर्मचारी सरकार पर भारी पड़ रहे हैं। इनके कारण ही आरपीएससी द्वारा आयोजित खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती के चयनितों को नियुक्ति नहीं मिल रही है।

विभाग ने फरवरी में ही विधानसभा में कहा था कि नियमित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के उपलब्ध होने तक डेपुटेशन पर आए 98 कर्मचारियों से खाद्य सुरक्षा अधिकारी का काम कराया जा रहा है। सिस्टम की लाचारी के चलते इस भर्ती में चयनित होने वाले नियुक्ति के लिए सचिवालय के गलियारों में भटक रहे हैं। अब सवाल यह है कि प्रदेश में एक भी नियमित खाद्य सुरक्षा अधिकारी नहीं है। इसके बावजूद सरकार चयनितों को नियुक्ति नहीं दे पा रही है। अगर ऐसे ही हालात रहे को प्रदेश में मिलावट कैसे रुकेगी? इस मामले को लेकर चिकित्सा विभाग के अधिकारी बात करने को तैयार नहीं है।

शेष | पेज 4

## आरपीएससी ने 4 जुलाई को विभाग को भेज दी थी चयनितों की सूची

आरपीएससी ने 200 पदों के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती-2022 का परिणाम 10 जून को जारी किया था। चयनितों की सूची 20 जून को विभाग को भेज दी गई। 1 से 4 जुलाई तक चिकित्सा विभाग ने चयनितों के दस्तावेज का सत्यापन कर लिए। इसी दौरान विभाग में डेपुटेशन पर आए कर्मचारियों ने कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की। इसके बाद मामला कोर्ट में लंबित होने के कारण नियुक्ति प्रक्रिया अटक गई। अब विभागीय अधिकारी नियमित भर्ती के पक्ष में कोर्ट में मजबूती से पैरवी करने की बजाय चुप्पी साधे हुए हैं।

## चयनित अभ्यर्थियों की 3 प्रमुख मांगें

- खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती 2022 के चयनितों को प्रदेश सरकार तुरंत नियुक्ति प्रदान करे।
- एफएसओ पद पर जो डेपुटेशन पर लगे हैं, उनको नियमित भर्ती होने तक रखा गया था। अब नियमित भर्ती हो गई है तो उनका डेपुटेशन निरस्त किया जाए।
- भर्ती को अटकाने वाले डेपुटेशन पर लगे कर्मचारियों के खिलाफ सरकार को सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

दैनिक भास्कर

अजमेर 06-08-2024

एईएन के 1014, सहा. सांख्यिकी अधिकारी के 43 पद

# आरपीएससी ने 1057 पदों पर निकाली भर्ती, आवेदन 12 से

**अजमेर** | आरपीएससी ने सोमवार को सहायक अभियंता के 1014 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती निकाली है। आयोग इन भर्तियों का विज्ञापन जारी कर दिया है। इन पदों पर आवेदन करने के लिए शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि सहायक सांख्यिकी अधिकारी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त से शुरू होंगे। आवेदन की आखिरी तारीख 10 सितंबर है। इसी तरह सहायक अभियंता के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 अगस्त से शुरू होंगे। इन पदों के लिए 12 सितंबर की रात 12 बजे तक आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन आवेदन मंजूर नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तारीख और स्थान के बारे में आयोग द्वारा बाद में सूचना जारी की जाएगी।

दैनिक भास्कर

जयपुर 06-08-2024

चयन बोर्ड की ग्राम सेवक भर्ती परीक्षा-2016 का मामला

# डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण कर ग्राम सेवक बना, एसओजी में मामला दर्ज

जयपुर| एसओजी ने ग्राम सेवक और हॉस्टल सुप्रीटेंडेट ग्रेड द्वितीय-2016 में डमी अभ्यर्थी बैठा कर परीक्षा उत्तीर्ण कर सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भर्ती परीक्षा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित की गई थी। एसओजी में डीआईजी परिस देशमुख ने बताया कि भर्ती परीक्षा में आवेदनकर्ता लाडूराम विश्नोई निवासी धोरीमन्ना-बाड़मेर हाल ग्रामसेवक राणासर कल्ला धोरीमन्ना के द्वारा स्वयं परीक्षा नहीं देकर डमी कैंडिडेट के द्वारा परीक्षा दिलवाई । डमी अभ्यर्थी के द्वारा दी गई परीक्षा से आरोपी लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया। इसके बाद सरकारी नौकरी प्राप्त कर ली।


## आवेदन में व सर्विस रिकॉर्ड के दस्तावेज भिन्न

चयन बोर्ड से अभ्यर्थी लादूराम का मूल आवेदन पत्र, अटेण्डेंस शीट, आंसर शीट व प्रवेश पत्र की जांच की। साथ ही विकास अधिकारी धोरीमन्ना बाड़मेर से अभ्यर्थी लाडूराम का सम्पूर्ण सर्विस रिकॉर्ड की जांच की। जिसमें बोर्ड द्वारा प्राप्त प्रवेश पत्र व आवेदन पत्र की फोटो व अभ्यर्थी लाडूराम ने ग्रामसेवक 2016 में चयन उपरान्त कर्मचारी चयन आयोग को जमा करवाए गए अपने दस्तावेज में फोटो भिन्न पाए गए। अभ्यर्थी लाडूराम ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को पेश किए आवेदन पत्र के हस्ताक्षर, राज्य कर्मचारी का विवरण पत्र, दो वर्ष की सेवा पूर्ण पर परिवीक्षाकाल समाप्त करने हेतु आवेदन पत्र व सन्तान संबंधी घोषणा पत्र में किए हस्ताक्षर अलग-अलग पाए गए। मामले की जांच डिप्टी एसपी बाबूलाल मुरारिया को सौंपी गई है।

वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022

## जीके और हिंदी के पेपर में डमी अभ्यर्थी बैठाने का आरोपी पकड़ा

एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) ने सोमवार को वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 में खुद के स्थान पर दोनों पारियों में अलग-अलग डमी अभ्यर्थी बैठाने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।



एसओजी में एडीजी वीके सिंह ने बताया कि आरोपी रमेश कुमार राणा (37) निवासी मोखातरा-जालौर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एसओजी की अजमेर यूनिट में मामला दर्ज कराया था। जांच में आरोपी रमेश कुमार राणा ने वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगिता परीक्षा-2022 में खुद के स्थान पर सामान्य ज्ञान एवं हिन्दी की परीक्षा में डमी अभ्यर्थी के रूप में सुरेश कुमार गोदारा एवं दिनेश कुमार को बैठा दिया। परीक्षा में बैठाने के लिए उसने राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से जारी प्रवेश पत्र के दो अलग-अलग प्रवेश पत्र तैयार किए।

दैनिक भास्कर
जयपुर 06-08-2024

# सीईटी: अब माइनस मार्किंग और पांचवां विकल्प भी होगा

## तीन दिन में जारी हो सकता है नोटिफिकेशन



**जयपुर|** समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) में 2 और बड़े बदलाव होंगे। इस परीक्षा में अब गलत उत्तर के लिए नेगेटिव मार्किंग का सिस्टम लागू होगा। साथ ही अन्य भर्तियों की तरह किसी सवाल के जवाब के लिए 5 विकल्प मिलेंगे। अभ्यर्थियों को किसी सवाल का जवाब नहीं देने की स्थिति में पांचवें विकल्प को भरना जरूरी होगा। इन बदलावों के साथ सीईटी का नोटिफिकेशन अगले 3 दिन में कभी भी जारी हो सकता है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड इसका नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी में है। पिछले दिनों सरकार ने इस भर्ती में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पात्रता देने का निर्णय लिया था। बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि इस भर्ती में गलत उत्तर देने पर अन्य भर्तियों की तरह एक तिहाई अंक काटा जाएगा। इसके साथ ही 5वें विकल्प का नियम भी अन्य भर्तियों की भांति ही लागू किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि मुख्य परीक्षा के लिए योग्य अभ्यर्थियों का ही चयन हो। कोई भी उम्मीदवार तुक्केबाजी करके 40 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर सके। दो-तीन दिन में सीईटी का नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा।

दैनिक भास्कर अजमेर 06-08-2024

राज्य सरकार के संयुक्त शासन सचिव ने आदेश जारी किए

# कैलाश मीणा RPSC के कार्यवाहक अध्यक्ष बने

**अजमेर** | आरपीएससी सदस्य कैलाशचंद्र मीणा आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष होंगे। राज्यपाल की आज्ञा से राज्य सरकार के संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने सोमवार को इस आशय के आदेश जारी किए। संजय श्रोत्रिय के 1 अगस्त को सेवानिवृत्त होने के कारण आयोग अध्यक्ष का पद खाली हुआ है। हालांकि अध्यक्ष के सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठतम सदस्य को अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने की परंपरा रही है। श्रोत्रिय किसी को पदभार सौंपकर नहीं गए इसीलिए सरकार को आदेश जारी करना पड़ा। उम्मीद की जा रही थी कि आरपीएससी में जॉइनिंग के लिहाज से वरिष्ठ सदस्य संगीता आर्य को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और आयोग की सूची में 5वें नंबर के सदस्य कैलाश चंद्र मीणा को यह जिम्मेदारी दी गई है। इनसे ऊपर चार में से एक सदस्य बाबूलाल कटारा सस्पेंड हैं। संगीता आर्य पूर्व सीएस निरंजन आर्य की धर्मपत्नी हैं। संगीता आर्य 15 अक्टूबर 2020 से आयोग में सदस्य हैं। बाबूलाल कटारा भी 15 अक्टूबर 2020 को ही सदस्य बने, इनके बाद डॉ. मंजू शर्मा का नाम है। 9 अक्टूबर 2023 को लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह राठौड़ सदस्य बने, उनके बाद कैलाश चंद्र मीणा ने 9 अक्टूबर 2023 को ज्वॉइन किया।



## कोचिंग सेंटर डेथ चेंबर, नहीं सुधरे तो बंद करेंगे

**भास्कर न्यूज. नई दिल्ली** | दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से मरे तीन छात्रों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने कहा, दिल्ली के कोचिंग सेंटर छात्रों के लिए डेथ चेंबर बन गए हैं। कहीं आग लगती है तो कहीं पानी में डूब कर छात्रों की मौत हो रही है। हम इन कोचिंग सेंटर्स को बंद कर सकते हैं। इन्हें तब तक ये बंद रखेंगे, जब तक वे सुरक्षा मानक पूरे नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की पीठ ने मामले में दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार और केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शेष | पेज 7

दैनिक भास्कर
जोधपुर 06-08-2024

कृषि विवि प्रवेश परीक्षा • एक ओएमआर गायब पर छात्र का री-एग्जाम करवाया

# जेट का रिजल्ट स्लो : 2 माह बाद आया परिणाम, टॉप-10 में 7 छात्र एवं 3 छात्राएं

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

कृषि विश्वविद्यालय की ओर से प्रदेशभर के कृषि कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेट)-2024 का सोमवार को परिणाम जारी कर दिया गया। रिजल्ट कार्यवाहक कुलपति प्रो. अरूण कुमार ने जारी किया। अब कृषि विवि व कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया का विस्तृत शेड्यूल भी जारी करने की तैयारी की जा रही है। उधर कोटा के एक केंद्र से ओएमआर शीट गायब होने के मामले में छात्र का रि-एग्जाम करवाकर रिजल्ट जारी किया गया। जेट समन्वयक डॉ. मनमोहन सुन्दरिया ने बताया कि 2 जून को जेट का आयोजन जोधपुर, जयपुर, कोटा, उदयपुर एवं बीकानेर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर करवाया गया था। जेट में स्नातक (कृषि अथवा सम्बन्धित शाखा) में प्रवेश के लिए कुल 37394 आवेदन आए। इसमें से 34544 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। डॉ. सुंदरिया ने बताया कि परिणाम व प्रवेश प्रक्रिया संबंधी समस्त जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गई है।

**ये रहे टॉप टेन अभ्यर्थी :** डॉ सुन्दरिया ने जेट में टॉपर रिपुदमन सिंह शेखावत रहे। वहीं 2 रैंक पर शिवम नागर, 3 रैंक पर दीपक चौधरी, 4 रैंक पर मोनिका धारनिया, 5 रैंक पर वन्दना, 6 रैंक पर मनीषा सोनी, 7 रैंक पर शौर्य शर्मा, 8 रैंक पर आदित्य सेन, 9 रैंक पर अखिल कुमावत और 10 रैंक पर हेमन्त कुमावत रहे।

### ओएमआर गायब होने पर करवाई थी एफआईआर

डॉ. सुन्दरिया ने बताया कि कोटा के एक परीक्षा केन्द्र पर स्टूडेंट की OMR कम मिली थी। इसके संबंध में FIR दर्ज करवाई गई थी। ओएमआर शीट वापस नहीं मिलने पर स्टूडेंट का री-एग्जाम करवा कर रिजल्ट जारी किया गया है।

### डेढ़ माह देरी से आया रिजल्ट, सेशन होगा लेट

जेट की वेबसाइट पर जारी गाइडलाइन के तहत 19 जून को परिणाम प्रस्तावित किया गया था। वहीं 2 अगस्त तक कॉलेजों में रिपोर्टिंग का कार्यक्रम प्रस्तावित किया था। मगर परिणाम करीब डेढ़ माह की देरी से 5 अगस्त को जारी हो पाया है। ऐसे में कृषि विवि और कॉलेजों में अब प्रवेश प्रक्रिया में एक से डेढ़ माह गुजरने से शिक्षा सत्र भी देरी से शुरू होगा।

## MBM विवि : बी. प्लानिंग में प्रवेश 20 तक होंगे

**जोधपुर।** एमबीएम विश्वविद्यालय में नवसृजित प्लानिंग डिपार्टमेंट में बी. प्लानिंग फर्स्ट ईयर (सेमेस्टर प्रथम) में एडमिशन की अंतिम तिथि 30 जुलाई से बढ़ाकर 20 अगस्त कर दी है। इसके संबंध में विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई गई है। प्लानिंग डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष आर्किटेक्ट कमलेश कुम्हार ने बताया कि बी. प्लानिंग फर्स्ट ईयर में प्रवेश के लिए 20 अगस्त तक तिथि बढ़ाई गई है। आवेदन पत्रों का वेरीफिकेशन कर मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। विवि में शिक्षण कार्य एआईसीटीई द्वारा दिए गए शेड्यूल के अनुसार शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बी प्लानिंग का अध्ययन कई स्तरों पर महत्वपूर्ण होता है। इसके अंतर्गत शहरी विकास और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की समझ बढ़ती है, जैसे कि नगरीय विकास की रणनीतियां, नगर निर्माण योजनाएं, वातावरणीय प्रबंधन, और सामाजिक और आर्थिक प्रभावों का अध्ययन हो पाता है। बी. प्लानिंग के अध्ययन के बाद, छात्रों के पास विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर उपलब्ध हो पाते हैं।

## प्री-डीएलएड : कॉलेजों में रिपोर्टिंग का दौर शुरू, रिजर्व श्रेणी की 1853 सीटें खाली

**जोधपुर |** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने राज्य के 337 डीएलएड कॉलेज की 25,970 सीटों पर प्रवेश के लिए आयोजित प्री-डीएलएड एग्जाम का रिजल्ट जारी करने के बाद में सोमवार से कॉलेजों में रिपोर्टिंग का दौर शुरू हो गया है। अभ्यर्थियों को 1 अगस्त तक फीस जमा करवाने के बाद में 12 अगस्त तक रिपोर्टिंग करनी होगी। समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि एग्जाम में उत्तीर्ण हुए 24,117 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विकल्प और मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन कर दिया गया है। रिजर्व कैटेगरी की 1853 सीटें खाली हैं। अभ्यर्थियों को 11 अगस्त तक प्रवेश की शेष राशि 13,555 रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे। 12 अगस्त तक रिपोर्टिंग के अभाव में अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। प्रवेश के लिए 1,43,814 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन करवाया था। अपवर्ड मूवमेंट के आवेदन 14 अगस्त से 16 अगस्त तक होंगे।

## राजकीय कॉलेज : यूजी में दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि आज

**जोधपुर|** प्रदेश के राजकीय कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा करने की अंतिम तिथि 6 अगस्त है।

इसके बाद में प्रवेशित विद्यार्थियों की पहली सूची का प्रकाशन 8 अगस्त को होगा। स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएं 10 अगस्त से शुरू की जाएंगी। दूसरी तरफ श्रेणीवार रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 8 अगस्त से शुरू होगी। अभ्यर्थी अंतिम तिथि 16 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन 17 अगस्त किया जाएगा। रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 20 अगस्त को होगा। मूल दस्तावेजों का सत्यापन और ई मित्र पर शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त निर्धारित रहेगी। प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची 27 अगस्त को घोषित होगी।

### चयन बोर्ड ने जारी किया जेईएन भर्ती का कैलेंडर

**जयपुर|** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने जेईएन भर्ती परीक्षा का कैलेंडर जारी किया है। भर्ती परीक्षाएं अगले साल 6 से 9 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी लंबे समय से जेईएन भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ करने और कैलेंडर जारी करने की मांग कर रहे थे। बोर्ड ने भर्ती की प्रक्रिया तो प्रारंभ नहीं की, लेकिन परीक्षाओं का प्रस्तावित कैलेंडर जारी कर अभ्यर्थियों को राहत देने का प्रयास किया है।

भास्कर खास • पहली बार दो राउंड में ही 82% सीटें भरी

## पीटीईटी: री-कॉलेज अलॉटमेंट लिस्ट जारी

### बीएड में केवल 6 हजार सीटें रही खाली


**जोधपुर|** प्रदेश के बीएड कॉलेजों में दो व चार वर्षीय कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित पीटीईटी में फ्रेश चॉइस फिलिंग राउंड के बाद रि-कॉलेज अलॉटमेंट लिस्ट जारी कर दी गई। अब दो वर्षीय बीएड में 82 प्रतिशत सीटें भर गई हैं। वहीं बीए बीएड में भी करीब 70 प्रतिशत सीटें भर गईं। हालांकि बीएससी बीएड में अधिक सीटें खाली रह गईं।

पीटीईटी में दो वर्षीय बीएड में 31793 अभ्यर्थियों ने नई कॉलेज चॉइस भरी थी। इसी तरह से चार वर्षीय बीएड कोर्सेज में कुल 10600 अभ्यर्थियों ने नई कॉलेज चॉइस दी थी। वहीं दूसरी तरफ पहले राउंड की काउंसलिंग के बाद कॉलेज आवंटन से वंचित अभ्यर्थियों में से दो वर्षीय बीएड में 4281 अभ्यर्थियों ने पुरानी कॉलेज चॉइस बदलकर नई चॉइस मांगी थी। इसी तरह से चार वर्षीय बीएड कॉलेज आवंटित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों में से 1517 अभ्यर्थियों ने नई कॉलेज के लिए चॉइस मांगी।

**रि-अलॉटमेंट सूची देर रात जारी :** पीटीईटी की नोडल एजेंसी वर्द्धमान महावीर खुला विवि कोटा ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पीटीईटी के फ्रेश चॉइस फिलिंग राउंड के बाद रि-कॉलेज अलॉटमेंट सूची सोमवार रात को जारी कर दी गई। इसके आधार पर बीएड कॉलेज में करीब 6 हजार सीटें ही खाली रही हैं। बीए बीएड में भी 70 प्रतिशत से अधिक सीटें भर गईं। बीएससी बीएड में शुरुआती दौर से ही आवेदनों की कम संख्या के कारण अब भी काफी सीटें खाली हैं। डीएलएड काउंसलिंग शुरू होने के कारण से चार वर्षीय बीएड का क्रेज कम रहा है।

## सामाजिक सरोकार आधारित शोध पर फोकस जरूरी : प्रो.मेहता

वाणिज्य संकाय में पीएचडी कोर्स वर्क सम्पन्न



**जोधपुर|** जेएनवीयू के वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन संकाय में पीएचडी कोर्स वर्क का सोमवार को समापन हुआ। अब स्कॉलर्स की विभाग स्तर पर कोर्स वर्क की कक्षाएं चलेंगी।

फैकल्टी कोर्स वर्क के समापन के मौके पर शोधार्थियों को संबोधन में संकाय अधिष्ठाता प्रो. सुनील मेहता ने सामाजिक सरोकारों पर आधारित शोध करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोध की बारीकियों के संबंध में भी जानकारी दी। प्रो. मेहता ने बताया कि पीएचडी कोर्स वर्क में छात्रों को शोध अनुसंधान पद्धति के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। इस पाठ्यक्रम के दौरान शोधार्थियों को अनुसंधान पद्धति एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन एसपीएसएस का प्रयोग आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। सैद्धांतिक व व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। कोर्स वर्क की संयोजक डॉ. मीता निहलानी ने स्टूडेंट्स को शोध में गहनता व विशिष्टता रखने की सलाह दी। कोर्स के सह समन्वयक डॉ. आशीष माथुर व डॉ. मनीष वडेरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर
अजमेर 06-08-2024

# युवा-शिक्षा-अवसर



**भास्कर ब्रेकिंग** • आरपीएससी वनटाइम रजिस्ट्रेशन व्यवस्था बदलने की तैयारी में

## अयोग्य पर शुल्क की बेरिकेडिंग; आयोग आवेदन शुल्क लेगा, जो परीक्षा देंगे, उन्हें लौटाया जाएगा

सादिक अली | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कराई जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की तुलना में परीक्षा देने वालों की तादाद कम होने से आयोग का खर्च बेवजह अधिक हो रहा है। अब इस खर्च को बचाने के लिए आयोग वनटाइम रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। अब नई व्यवस्था के तहत आवेदन शुल्क वसूलने और परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को शुल्क वापस लौटाने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार से मंजूरी मिलते ही इस पर अमल शुरू कर दिया जाएगा। अभी एक रजिस्टर्ड अभ्यर्थी पर आयोग को लगभग एक हजार रुपए खर्च करना पड़ रहा है। इस माह 3 से 5 अगस्त तक हुई 5 परीक्षाओं पर नजर डालें तो इन परीक्षाओं में आयोग को परीक्षार्थियों से ज्यादा खर्च करना पड़ा। इसकी मुख्य वजह वन टाइम रजिस्ट्रेशन को बताया जा रहा है।

### आवेदकों के हिसाब से होगी तैयारी, अभी आयोग का आवेदनों पर खर्च अधिक

| परीक्षा | रजिस्टर्ड | परीक्षा दी |
|---|---|---|
| पुरा लेखपाल | 1706 | 191 |
| सहा.पुरालेखपाल | 1784 | 153 |
| शोध अध्येता | 944 | 78 |
| शोध अधिकारी | 1427 | 85 |
| रसायनज्ञ | 1180 | 120 |
| सहा. अभियंता यांत्रिकी | 11780 | 1530 |
| कॉलेज शिक्षा (40 विषय) | 65000 | 25000 |
| कॉलेज शिक्षा एबीएसटी | 8584 | 2084 |
| कॉलेज शिक्षा केमेस्ट्री | 9128 | 2776 |
| आरएएस प्री-2023 | 696969 | 457957 |
| एसआई-2023 | 766000 | 325000 |

**» अब आगे क्या?:** आयोग सचिव के नेतृत्व में अब एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत वन टाइम रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की जगह सशुल्क आवेदन की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इस व्यवस्था के तहत हर परीक्षा में आवेदन करने वालों से शुल्क लिया जाएगा। इसके बाद जो अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे उन्हें शुल्क वापस लौटा दिया जाए। इससे बेवजह अपात्र अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने की तैयारी है। वहां से अप्रूव होते ही इसे लागू किया जाएगा।

**जो पात्र नहीं वे भी कर रहे आवेदन :** मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता के मुताबिक अभी आरपीएससी में वन टाइम रजिस्ट्रेशन की सुविधा है। इसके तहत एक बार रजिस्ट्रेशन शुल्क देने के बाद अभ्यर्थी अपनी उम्र सीमा तक कितनी ही भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकता है। लेकिन इसका दुरुपयोग ऐसे अभ्यर्थी कर रहे हैं जो अपने विषय के अलावा अन्य विषयों की परीक्षाओं में पात्रता नहीं होने के बाद भी आवेदन कर देते हैं और परीक्षा देने के समय गैरहाजिर हो जाते हैं। ऐसे में रजिस्ट्रेशन संख्या के आधार पर पेपर से लेकर परीक्षा सेंटर और वहां स्टाफ तक की व्यवस्था करनी पड़ती है। आयोग को एक अभ्यर्थी के पीछे कम से कम एक हजार रुपए का खर्च करना पड़ता है।

एईएन के 1014, सहा. सांख्यिकी अधिकारी के 43 पद

## आरपीएससी ने 1057 पदों पर निकाली भर्ती, आवेदन 12 से

अजमेर | आरपीएससी ने सोमवार को सहायक अभियंता के 1014 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती निकाली है। आयोग इन भर्तियों का विज्ञापन जारी कर दिया है। इन पदों पर आवेदन करने के लिए शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि सहायक सांख्यिकी अधिकारी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त से शुरू होंगे। आवेदन की आखिरी तारीख 10 सितंबर है। इसी तरह सहायक अभियंता के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 अगस्त से शुरू होंगे। इन पदों के लिए 12 सितंबर की रात 12 बजे तक आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन आवेदन मंजूर नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तारीख और स्थान के बारे में आयोग द्वारा बाद में सूचना जारी की जाएगी।

## कॉलेजों में दस्तावेज वेरिफिकेशन आज तक

अजमेर | राजकीय कॉलेजों में यूजी सेमेस्टर प्रथम के लिए मेरिट और वेटिंग लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों के दस्तावेज वेरिफिकेशन का मंगलवार को आखिरी दिन है। 6 अगस्त वेरिफिकेशन की अंतिम तिथि है। इससे पहले 31 जुलाई तक यह प्रक्रिया की जानी थी। आयुक्तालय ने तारीख को बढ़ा दिया था। अन्य राजकीय कॉलेजों के साथ संभाग के सबसे बड़े कॉलेज एसपीसी जीसीए और शहर के राजकीय गर्ल्स कॉलेज में यह प्रक्रिया चल रही है। एसपीसी जीसीए के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज बहरवाल के मुताबिक लिस्ट में शामिल जिन विद्यार्थियों ने अब तक अपने दस्तावेज की जांच नहीं कराई है, उनके लिए यह आखिरी मौका है। अब तिथि बढ़ने की संभावना नहीं है।

## प्री-बीपीएड व प्री-एमपीएड प्रवेश परीक्षा आवेदन 10 तक भरने होंगे

### अजमेर सहित 7 संभागों में ली जाएगी परीक्षा

अजमेर| प्री-बीपीएड और प्री-एमपीएड प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 10 अगस्त है। नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी ने परीक्षा संबंधित दिशा निर्देश और परीक्षा स्थलों की जानकारी सार्वजनिक की है। परीक्षा अजमेर सहित 7 संभागों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा समन्वयक डॉ. कपिल गौतम के मुताबिक विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक स्थान पर परीक्षा कराने के बजाय संभाग स्तर पर कराई जाएगी। ताकि परीक्षार्थियों को ज्यादा दूरी तय नहीं करनी पड़े। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा अजमेर, जयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर और भरतपुर में कराई जाएगी। इसके अलावा विद्यार्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए भी राजस्थान दो शहरों कोटा और उदयपुर में व्यवस्था कराई गई है।

परीक्षा आवेदन 3 अगस्त से शुरू हो चुके हैं। डॉ. कपिल गौतम ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी। अभ्यर्थी को प्रश्न-पत्र की भाषा हिंदी या अंग्रेजी दोनों में से किसी एक भाषा का चयन करना होगा। चयनित भाषा के आधार पर ही अभ्यर्थी को प्रश्न-पत्र दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। गलत उत्तर के लिए माइनस मार्किंग नहीं होगी। सह-समन्वयक डॉ. नीरज अरोड़ा ने बताया कि परीक्षा में राजस्थान और भारत की खेल हस्तियां, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल शिक्षण योग्यता मानसिक क्षमता और तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान (भौगोलिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलू) आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

बारिश के कारण कई सेंटरों पर पहले ही पहुंच गए थे अभ्यर्थी

## रसायनज्ञ के एक पद के लिए परीक्षा हुई,1180 में से 120 अभ्यर्थी ही आए

अजमेर | राजस्थान लोक सेवा आयोग की रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा सोमवार को हुई। एक पद के लिए हुई परीक्षा के लिए 1180 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। परीक्षा के लिए 5 सेंटर बनाए गए थे। लेकिन बारिश और केवल एमएससी केमेस्ट्री के अभ्यर्थियों के चलते तादाद कम रही। इस परीक्षा में महज 120 ही अभ्यर्थी शामिल हुए। मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता के मुताबिक 1180 में से 120 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। 1060 गैर हाजिर रहे। परीक्षा देने वालों का प्रतिशत 10.17 रहा।



बारिश के दौरान परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी।

**बारिश ने डाला खलल: अभ्यर्थियों को बचाव के लिए नहीं मिली जगह**

परीक्षा शुरू होने से पहले ही शहर में तेज बारिश शुरू हो गई। इससे बाहर से आए अभ्यर्थियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।बाहर आए अभ्यर्थी सेंटरों पर इस उम्मीद से जल्द पहुंच गए थे कि वहां एंट्री मिलने पर बारिश से बच जाएंगे। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। सावित्री गर्ल्स स्कूल में जरूर गेट पर पहले गार्ड रूम में अभ्यर्थी को बारिश से बचने की जगह मिल गई थी। हालांकि एंट्री से पहले जांच प्रक्रिया अपने समय पर ही शुरू हुई और 9 बजे गेट बंद कर दिए गए। दोपहर 12:30 बजे परीक्षा छूटी।

## इंजीनियरिंग कॉलेजों में अदर स्टेट कोटा आज किया जाएगा अलॉट

### शहर के दोनों कॉलेजों ने काउंसलिंग डेस्क बनाई

अजमेर| प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में अदर स्टेट कोटे के विद्यार्थियों को कॉलेज अलॉटमेंट मंगलवार से किए जाएंगे। शेड्यूल के मुताबिक अभी टीएफडब्ल्यूएस के दूसरे राउंड की काउंसलिंग जारी है। महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में भी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि इस राउंड में अब तक केवल 10 छात्राओं के प्रवेश हुए हैं। बड़लिया स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में दूसरे राउंड में 15 का अलॉटमेंट हुआ था। अब तक 9 विद्यार्थियों की काउंसलिंग हो चुकी है। अब अदर स्टेट कोटा का अलॉटमेंट 6 अगस्त को किया जाएगा। माखुपुरा स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रकृति त्रिवेदी के मुताबिक रीप-2024 के तहत टीएफडब्ल्यूएस सीटों के लिए दूसरे राउंड की काउंसलिंग का चरण पूरा हो गया है।

इसमें सोमवार शाम तक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 6, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 2 और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग में 2 छात्राओं ने प्रवेश लिया है। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों की छात्राओं के लिए अलॉटमेंट और काउंसलिंग 6 अगस्त से शुरू होगी। महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक प्रथम वर्ष की सीट 420 हैं। इन सीटों में से 15 फीसदी कोटा अदर स्टेट की छात्राओं के लिए रिजर्व है। यह 10 अगस्त तक चलेगी। टीएफडब्ल्यूएस का तीसरा राउंड 8 अगस्त को पूरा होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की छात्राओं के लिए 16 अगस्त से काउंसलिंग शुरू होगी। इसके बाद रिक्त सीटों पर कॉलेज स्तर पर डायरेक्ट एडमिशन किए जाएंगे।